# लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प

## भाजपा के पूर्वी जिला कार्यालय में हुई बैठक, सात प्रकार के कार्यक्रमों की दी गयी जानकारी

**बेनीपुर ( दरभंगा ) ( आससे )।** दरभंगा पूर्वी भाजपा जिला कार्यालय परिसर में शनिवार को 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष विनय पासवान की अध्यक्षता और जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह के संचालन में हुई बैठक में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन तथा संगठनात्मक समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अभियान प्रभारी सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, मतदाता सूची की शुद्धता तथा एसआईआर प्रक्रिया के प्रति आम लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान के उद्देश्यों और संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

जिलाध्यक्ष विनय पासवान ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता आपसी समन्वय और एकजुटता के साथ अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

वहीं, जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने अभियान के तहत निर्धारित सात प्रकार के कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दरभंगा पूर्वी जिले के प्रत्येक मंडल में इन कार्यक्रमों को योजनाबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा, ताकि अभियान का संदेश गांव-गांव तक पहुंचे। उन्होंने मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील की।

बैठक में अभियान की रूपरेखा तैयार करने, संगठनात्मक समन्वय स्थापित करने और आगामी कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर राधेश्याम झा, राहुल कर्ण, संतोष झा, मणिकांत झा, मंडल अध्यक्ष लाल मुखिया, चंदन ठाकुर, रजनीश सुंदरम, तृप्ति यादव, सोनू ठाकुर, नीरज चौधरी, रामू राम, इंद्रेश झा, प्रदीप प्रधान, सरिता देवी, निखत प्रवीण सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पत्नी की हत्या का आरोपित ससुराल से बेसुध हालत में बरामद

## पुलिस अभिरक्षा में डीएमसीएच में चल रहा इलाज, जुलाई से था फरार

**मनीगाछी ( दरभंगा ) ( आससे )।** बाजितपुर थाना पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोपित रामसुफल चौपाल उर्फ कारी चौपाल को शुक्रवार रात बहेड़ी थाना क्षेत्र के भच्छी पंचायत स्थित उसके ससुराल से बेसुध हालत में बरामद किया। पुलिस ने उसे बेनीपुर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डीएमसीएच रेफर कर दिया गया। फिलहाल उसका इलाज पुलिस अभिरक्षा में चल रहा है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि 23 अक्टूबर की रात करीब नौ बजे सूचना मिली कि विधिपुर गांव निवासी रामसुफल चौपाल के साथ उसके ससुराल में मारपीट की गई है और उसे वहां रोककर रखा गया है। पुलिस मौके पर पहुंची तो वह बेसुध अवस्था में मिला और कुछ बोलने की स्थिति में नहीं था। पुलिस के अनुसार, गत 29-30 जुलाई की रात रामसुफल पर अपनी पत्नी प्रमिला देवी (करीब 35 वर्ष) की धारदार हथियार से सिर धड़ से अलग कर हत्या करने का आरोप है। घटना के बाद से वह फरार था। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित के होश में आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जिला परिषद सदस्य पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार

**लौकही ( मधुबनी ) ( आससे )।** प्रखंड के अंधरामठ थाना क्षेत्र अंतर्गत नेउर गाँव निवासी जिला परिषद सदस्य मलखान सिंह उर्फ सुमन कुमार सिंह को अंधरामठ थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट मामले के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है । थाना अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि अंधरामठ थाना कांड संख्या 131/ 26 में अभियुक्त हैं । जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# ऑन स्पॉट छह मामलों का निष्पादन

**खानपुर /समस्तीपुर ( आससे )।** खानपुर प्रखंड सह अंचल मुख्यालय सभागार मे राजस्व कर्मचारी शिवकांत झा की अध्यक्षता में जनता दरबार आयोजित हुयी जिसमे लंबित 43 प्राप्त नया आवेदन 4 कुल 47 मेसे 6 मामलो का ऑन स्पॉट निष्पादन करते हुए शेष 41 पर नोटिस निर्गत किया गया। इस अवसर पर थानाक्षेत्र से आये फरियादि अंचल कर्मी अवनिस कुमार आदि उपस्थित रहें है।

# 23 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

## पोखर के पास से 925 लीटर शराब बरामद

**दरभंगा ( आससे )।** आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में मद्यनिषेध विभाग की टीम ने सदर थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने स्कूटी से 23.400 लीटर देशी नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर समीप के पोखर के पास झाड़ियों में छिपाकर रखी गई 925.500 लीटर शराब भी बरामद की गई। इस कार्रवाई में कुल 948.900 लीटर देशी नेपाली शराब जब्त की गई है।

सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध के अनुसार, सदर थाना क्षेत्र के पुरा के निकट वाहन जांच के दौरान सदर प्रखंड के काकरघाटी निवासी शम्भू कुमार यादव को स्कूटी से शराब ले जाते पकड़ा गया। मौके पर स्कूटी भी जब्त कर ली गई।

गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर टीम ने घटनास्थल से करीब 200 मीटर आगे स्थित एक पोखर के आसपास तलाशी ली। इस दौरान झाड़ियों में छिपाकर रखी गई 925.500 लीटर देशी नेपाली शराब बरामद हुई।

जिलाधिकारी कौशल कुमार के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री के विरुद्ध लगातार छापेमारी, वाहन जांच एवं गश्ती अभियान चलाया जा रहा है। मद्यनिषेध विभाग अब शराब कारोबार से जुड़े संभावित नेटवर्क और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की जानकारी जुटाने में लगा है। मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पर्व-त्योहारों के दौरान अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए निगरानी और जांच अभियान तेज रहेगा। साथ ही, आम नागरिकों से अवैध शराब से जुड़ी गतिविधियों की सूचना प्रशासन को देने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई है।

# घर में घुसकर मारपीट, डेढ़ लाख के सोने की चेन व 30 हजार नकदी लूटने का आरोप

**जाले ( दरभंगा ) ( आससे )।** जाले थाना क्षेत्र के मल्लिकपुर गांव निवासी संतोष शर्मा की पत्नी नुनूवती देवी ने अपने ही गांव के चार लोगों के विरुद्ध जाले थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया है कि बीते 20 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे कृष्ण शर्मा, रविचंद्र शर्मा, भीखन शर्मा एवं रंजन शर्मा मजमा लगाकर उनके घर में घुस गए। इस दौरान आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और गले से करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य की सोने की चेन तथा 30 हजार रुपये नकद लूट लिए। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि घटना के बाद लौटने के क्रम में आरोपियों ने केस उठाने की धमकी भी दी। आवेदन में उन्होंने पूर्व की घटना का जिक्र करते हुए बताया है कि 2 सितंबर 2023 को कृष्ण शर्मा ने उनकी पुत्री पर चाकू से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल पुत्री का इलाज डीएमसीएच में कराया गया था। इस मामले में आरोपी जेल भी जा चुका है। इस संबंध में जाले थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मारपीट एवं लूटपाट मामले के सात नामजदों में दो गिरफ्तार

**जाले ( दरभंगा ) ( आससे )।** कमतौल थाना कांड संख्या 291/26 के आरोपी सह कमतौल थाना क्षेत्र के टेकटार गांव निवासी स्व गुफरान के पुत्र क्रमशः मो.साजिद एवं मो. साकिर को कांड के अनुसंधानक एसआई अख्तर अंसारी ने गिरफ्तार कर शनिवार को पुलिस अभिरक्षा में न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# बकाया पर कनेक्शन कटने के बाद भी कर रहे थे बिजली चोरी, चार पर प्राथमिकी

**जाले ( दरभंगा ) ( आससे )।** विद्युत ऊर्जा चोरी के मामले में चार लोगों के विरुद्ध जाले थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विद्युत विभाग के निर्देश पर कमतौल विद्युत प्रशाखा के जेई वकील आलम अंसारी के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल ने बीते 22 अक्टूबर को जाले थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी की। इस दौरान मेन लाइन में टोका फंसाकर बिजली चोरी करने का मामला सामने आया। छापेमारी दल ने मिर्जापुर गांव निवासी राधे दास, मदिलमन गांव निवासी साजिद, मस्सा वार्ड 10 निवासी श्रवण ठाकुर और मस्सा वार्ड 7 निवासी सुभाष पासवान को विद्युत ऊर्जा चोरी करते पकड़ा। विभाग की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि बकाया राशि जमा नहीं करने के कारण इन सभी के आवासीय परिसर का विद्युत कनेक्शन पहले ही काट दिया गया था। इसके बावजूद सभी मेन लाइन में टोका फंसाकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे थे। छापेमारी दल में कमतौल विद्युत प्रशाखा के मानव बल अमित कुमार, नवीन कुमार पासवान और अशोक राम शामिल थे।

# आग लगने से फूंस का घर जला, हजारों की संपत्ति राख

**जाले ( दरभंगा ) ( आससे )।** जाले थाना क्षेत्र के गररी वार्ड तीन में शनिवार की अहले सुबह अचानक आग लगने से हरि बैठा का बांस-फूस से बना घर जलकर राख हो गया। अगलगी की इस घटना में घर में रखे अनाज, चौकी, कपड़े समेत हजारों रुपये मूल्य की घरेलू उपयोग की सामग्री जलकर नष्ट हो गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पीड़ित मजदूर हरि बैठा की पत्नी शांति देवी ने बताया कि उनके पति मजदूरी करने गए थे। इसी दौरान अचानक उनके घर में आग लग गई। जब तक कुछ समझ पाते, तब तक आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में घर समेत उसमें रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इससे परिवार के सामने रहने और खाने-पीने की समस्या उत्पन्न हो गई है। इस संबंध में जाले की अंचलाधिकारी मधुमिता कुमारी ने बताया कि अगलगी की घटना की जांच कराई जाएगी। जांच के बाद नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जायेंगी।

# एसपी का जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**खानपुर /समस्तीपुर ( आससे )।** जिला आरक्षी अधीक्षक अरविन्द प्रताप सिंह द्वारा खानपुर थाना परिसर में आमजन की समस्या जन संवाद कार्यक्रम में सुनी गयी थानाक्षेत्र से उपस्थित आमजन जनप्रतिनिधि गणमान्य लोगो द्वारा कई पुलिस कार्यवाही से संबंधित बात रखी गयी जिसका उन्होंने बड़ी बारीकी से पुलिस कार्यवाही सिस्टम की जानकारी दी गयी उन्होंने पुलिस और अमजन की बीच विश्वास बढ़े की बात कहीं उन्नीस पंचायत में फैला बड़ा खानपुर थानाक्षेत्र में एक और थाना की बात पर उन्होंने एक जगह सेलेक्शन की बात कहीं जहाँ पुलिस चौकी खोली जाय जिससे पुलिस की विजिविलिटी हो सके वही जर्जर हो गए थाना भवन की वाबत बात पर विभाग को प्रस्ताव भेजेंगे की बात कहीं गयी जन संवाद कार्यक्रम में कई लोगो ने अपनी समस्या मूलक आवेदन दिए आवेदन पर कार्यवाही की वाबत दस दिन के बाद जिला जन संवाद कार्यक्रम से जानकारी मिल सकेगी। इस अवसर पर एसपी अरविन्द प्रताप सिंह डीएसपी सदर 2 संजय कुमार अंचल निरीक्षक सदर अंचल नीरज तिवारी एसएचओ शिवपूजन कुमार जिला विधि व्यवस्था शाखा अमर कुमार खानपुर थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी कर्मी चौकीदार सहित प्रखंड स्तरीय सभी पत्रकार वंधु उपस्थित रहें हैँ थानाक्षेत्र से आये आमजन प्रतिनिधि गणमान्य एसपी साहब के इस कार्यक्रम से काफ़ी खुश दिखे एक विश्वास बढ़ा हैँ।

# सरायरंजन में होटल मालिक को गोली मारने के मामले में 24 घंटे के भीतर दो आरोपी गिरफ्तार

**समस्तीपुर ( आससे )।** सरायरंजन थाना क्षेत्र में राज दरबार होटल के मालिक को गोली मारकर जख्मी करने के मामले में समस्तीपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, घटना 22 अक्टूबर 2026 की रात की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान केशव झा और

निशांत राज के रूप में हुई है। दोनों सरायरंजन थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं ।पुलिस के मुताबिक, राज दरबार होटल के मालिक अभिनंदन कुमार राय, पिता विशेश्वर राय, निवासी बनबीरा, थाना हलई, को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मुफ्फसिल अंचल के पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की गई। गठित टीम ने मामले की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू की। पुलिस का दावा है कि घटना में कथित रूप से शामिल आरोपियों की पहचान कर 24 घंटे के भीतर केशव झा, पिता विजय झा, निवासी किशनपुर यूसूफ तथा निशांत राज, पिता राजकुमार झा, निवासी झखड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया ।इस कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक संदीप कुमार, सरायरंजन थानाध्यक्ष धनंजय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रविकांत रवि और सरायरंजन थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे। मामले में पुलिस की आगे की कार्रवाई जारी है।

# बेनीपुर- मनीगाछी सड़क की 12वीं बार गुणवत्ता जांच

## 23.92 करोड़ की सड़क के नमूने दिल्ली भेजे जाएंगे, तीन स्थानों पर निर्माण लंबित

**मनीगाछी ( दरभंगा )( आससे )।** बेनीपुर से मनीगाछी प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली करीब 18.64 किलोमीटर लंबी सड़क की गुणवत्ता की जांच शनिवार को केंद्रीय गुणवत्ता एजेंसी के अधिकारी जगदीश गर्ग ने की। टीम ने सड़क की

खुदाई कर मोटाई की जांच की तथा निर्माण सामग्री के नमूने एकत्र किए। इनकी जांच दिल्ली की प्रयोगशाला में होगी। 23.92 करोड़ रुपये की लागत वाली इस सड़क का निर्माण जुलाई 2024 में शुरू हुआ था और जनवरी 2026 तक पूरा होना था। हालांकि, सझुआर में 760 मीटर, बाजितपुर में 540 मीटर और भंडारिसम में 2200 मीटर सड़क निर्माण लंबित बताया गया है। सड़क पर गिट्टी उखड़ने और ढलाई वाले हिस्से में खुरदरापन आने की शिकायतें भी सामने आई हैं। सड़क की गुणवत्ता जांच के लिए मिथिला संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. राम मोहन झा ने राज्य और केंद्रीय एजेंसियों से अनुरोध किया था। जांच अधिकारी जगदीश गर्ग ने बताया कि प्रयोगशाला की रिपोर्ट आने के बाद ही सड़क की वास्तविक गुणवत्ता स्पष्ट होगी। वहीं, आरडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता सुनील कुमार प्रसाद ने प्रथम दृष्टया काम को संतोषजनक बताया। बार-बार जांच पर एजेंसी ने जताई नाराजगी निर्माण एजेंसी के प्रोपराइटर सुमन कुमार झा ने बताया कि सड़क की यह 12वीं जांच है। उनके अनुसार, पिछली 11 जांचों में काम संतोषजनक पाया गया था। उन्होंने दावा किया कि तीनों स्थानों पर लंबित बताए जा रहे हिस्सों का निर्माण पहले ही आरईओ बेनीपुर द्वारा कराया गया था। शेष 15.64 किलोमीटर सड़क का निर्माण उनकी एजेंसी ने पूरा कर दिया है। बार-बार जांच से नाराज प्रोपराइटर ने भविष्य में ऐसी कार्रवाई होने पर विभाग के विरुद्ध मानसिक प्रताड़ना का मुकदमा करने की बात कही।

# शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का मतदान संपन्न

## मधुबनी जिले के सभी 55 मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुआ मतदान

**मधुबनी ( आससे )।** बिहार विधान परिषद के शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मधुबनी जिले में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिले के दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के सभी 55 मतदान केंद्रों पर मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से पूरी कराई गई। मतदान के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान सुनिश्चित करने के लिए एआरओ सह डीएम तथा एसएसपी द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

सहायक निर्वाची पदाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा के निर्देश पर मतदान प्रक्रिया के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए मतदान कर्मियों के साथ पांच जोनल मजिस्ट्रेट, पांच जोनल पुलिस पदाधिकारी, 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 22 सेक्टर पुलिस पदाधिकारी तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। संबंधित अधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने तथा निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। सभी सक्रिय एवं तत्पर रहे।

**समयवार मतदान प्रतिशत**

जिले में मतदान के दौरान शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र (TC) एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र (GC) में मतदान का प्रतिशत निम्नवत रहा—

पूर्वाह्न 10 बजे- शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 13.78 प्रतिशत तथा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 5.36 प्रतिशत मतदान।

दोपहर 12 बजे- शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 39.69 प्रतिशत तथा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 14.50 प्रतिशत मतदान।

अपराह्न 2 बजे- शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 68.29 प्रतिशत तथा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 29.10 प्रतिशत मतदान।

अपराह्न 4 बजे- शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 80.08 प्रतिशत तथा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 49.56 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

इस प्रकार, अपराह्न 4 बजे तक शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 80.08 प्रतिशत तथा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 49.56 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ।

मतदान समाप्ति के उपरांत सभी मतदान दलों द्वारा मतपेटिकाओं को निर्धारित प्रक्रिया के तहत सीलबंद कर पुलिस अभिरक्षा में दरभंगा स्थित खेल भवन-सह-व्यायामशाला के कलेक्टिंग सेंटर पर जमा कराया जाएगा। उक्त परिसर में ही वज्रगृह एवं मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 27 अक्टूबर 2026 को मतों की गिनती की जाएगी।

सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं मतदान दलों को निर्देश दिया है कि मतपेटिकाओं को निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पूरी जवाबदेही के साथ पुलिस अभिरक्षा में कलेक्टिंग सेंटर तक पहुंचाया जाए तथा उन्हें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जमा कराया जाए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता, अनुशासन एवं सुरक्षा सर्वोपरि हैं। मतदान से संबंधित सभी कार्यों को निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुरूप संपन्न कराना प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है। मतदान के बाद मतपेटिकाओं को सुरक्षित रूप से निर्धारित कलेक्टिंग सेंटर तक पहुंचाना और उन्हें नियमानुसार जमा कराना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मतपेटिकाओं के परिवहन एवं जमा करने की प्रक्रिया पूरी सतर्कता, जिम्मेदारी एवं समन्वय के साथ सुनिश्चित करें।

# रबी फसल की खेती को लेकर 140 से अधिक किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

## प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने और रासायनिक खाद का कम प्रयोग करने पर दिया जोर

**जाले ( दरभंगा ) ( आससे )।** ई-किसान भवन जाले के सभाकक्ष में शनिवार को वासंतिक (रबी) प्रखंडस्तरीय कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मोहम्मद जैनुल हक, डॉ. पूजा कुमारी एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रेमनाथ सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रेमनाथ सिंह ने की। इसमें 140 से अधिक किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान कृषि समन्वयक देवेश कुमार ने किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण की प्रक्रिया एवं उसके लाभों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, कृषि समन्वयक राजकुमार ने बिहार सरकार की ओर से कृषि यंत्रों पर दिए जाने वाले अनुदान तथा विभिन्न कृषि यंत्रों के उपयोग के बारे में बताया।

डॉ. पूजा कुमारी ने किसानों को रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों का कम से कम प्रयोग करने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को अपनाकर खेती की लागत कम करने के साथ ही मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में मदद मिल सकती है। उन्होंने प्राकृतिक खेती के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को कम करने की दिशा में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में लेखापाल राहुल कुमार झा, प्रशिक्षक सुधांशु कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक आनंद कौशल, कृषि समन्वयक मणिकेश कुमार, निर्भय कुमार, रामचंद्र दास, राजीव कुमार एवं सत्यजीत नरेंद्र सहित अन्य कर्मी मौजूद थे। वहीं, किसान सलाहकार सूर्यप्रकाश नायक, सुनील कुमार सिंह, राघवेंद्र मिश्रा, हरिशंकर दास, राजीव रंजन दास, इंद्रानंद मिश्रा, अवधेश ठाकुर, मो. कादिर, मोती कुमार, रंजीत महतो एवं कौशल किशोर प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बच्चों के विवाद में मारपीट, ससुर को लाठी से पीटकर किया घायल

**जाले ( दरभंगा )( आससे )।** जाले थाना क्षेत्र के मुरैठा वार्ड छह में बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। इस मामले में मुरैठा निवासी सुजीत सहनी की पत्नी कंचन देवी ने अपने ग्रामीण ललिता देवी, बलदेव सहनी, राम रतन सहनी और अमित झा के खिलाफ जाले थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, घटना 14 अक्टूबर की शाम करीब छह बजे की है।

आरोप है कि बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर नामजद आरोपितों ने उनके बच्चे के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसका विरोध करने पर आरोपितों ने कंचन देवी के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। वहीं, बीच-बचाव करने पहुंचे उनके ससुर पर लाठी से वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। महिला ने पुलिस से मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस प्राथमिकी के आधार पर मामले की जांच में जुटी है।

# सुरक्षित समस्तीपुर में मास्टर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

## डीडीसी सूर्य प्रताप सिंह ने किया उद्घाटन

**समस्तीपुर ( आससे )।** जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर के निर्देश के आलोक में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम 'सुरक्षित शनिवार' को जिले के सभी विद्यालयों में प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के उद्देश्य से शनिवार को बिहार शिक्षा परियोजना, समस्तीपुर एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 से 28 अक्टूबर तक शहर के पुरानी पोस्ट ऑफिस रोड, समस्तीपुर में निर्धारित विभिन्न बैचों में आयोजित किया जा रहा है। पहले दिन जिले के 10 प्रखंडों से नामित शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। जिले के सभी प्रखंडों से छह-छह शिक्षकों को नोडल शिक्षक एवं मास्टर प्रशिक्षक के रूप में नामित किया गया है, ताकि प्रशिक्षण के बाद विद्यालयों में कार्यक्रम का नियमित संचालन और प्रखंड स्तर पर अनुश्रवण सुनिश्चित किया जा सके ।कार्यशाला का उद्घाटन उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना जमालुद्दीन, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान शुभम कसौधन, यूनिसेफ के आपदा जोखिम न्यूनीकरण विशेषज्ञ राजीव कुमार, शिक्षा विशेषज्ञ बसंत कुमार सिंह, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के राज्य सलाहकार अशोक कुमार शर्मा, लेखा पदाधिकारी सुनील कुमार एवं मीडिया समन्वयक हरिश्चंद्र राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व डीपीओ एसएसए शुभम कसौधन ने आगंतुक अतिथियों एवं मुख्य प्रशिक्षकों को पौधा भेंट कर स्वागत किया। स्वागत भाषण में उन्होंने मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के उद्देश्यों और विद्यालय स्तर पर इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों को आपदाओं से बचाव के प्रति जागरूक करना तथा विद्यालयों में सुरक्षा की संस्कृति विकसित करना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है ।प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह ने विद्यालयों में सुरक्षा संबंधी गतिविधियों को गंभीरता से लागू करने और बच्चों को आपदा से बचाव के व्यावहारिक उपायों की जानकारी देने पर जोर दिया। उन्होंने प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को विद्यालयों तक पहुँचाने तथा कार्यक्रम को नियमित गतिविधियों का हिस्सा बनाने की आवश्यकता बताई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण के बाद विद्यालयों में कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है। इसके तहत प्रत्येक विद्यालय में फोकल शिक्षक एवं बाल प्रेरकों का चयन, विद्यालय आपदा प्रबंधन समिति का गठन, फोकल शिक्षक और बच्चों के सहयोग से हैजार्ड हंट के माध्यम से संभावित जोखिमों की पहचान तथा विद्यालय आपदा प्रबंधन योजना का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही, निर्धारित गतिविधियों का प्रत्येक शनिवार संचालन और किए गए कार्यों से संबंधित आँकड़ों को ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर अपलोड करने पर जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान सामने आई कमियों को दूर करते हुए नोडल शिक्षकों एवं मास्टर प्रशिक्षकों को अपने-अपने प्रखंडों के प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यक्रम के क्रियान्वयन में सहयोग करना है। विद्यालयों में अग्नि सुरक्षा, भूकंप, बाढ़ सहित विभिन्न आपदाओं से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य है। प्रशिक्षण में यूनिसेफ के राज्य समन्वयक एवं मुख्य प्रशिक्षक डॉ. पल्लव कुमार, सारण के राज्य प्रशिक्षक संदीप कुमार, मुंगेर के नवनीत कुमार विमल तथा समस्तीपुर के सुभीत कुमार सिंह, मंगलेश कुमार, सदफ नाज एवं मिन्की कुमारी ने मास्टर प्रशिक्षकों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया।

# यूपी के सहारनपुर से मधुबनी तक फैला था नकली सिक्कों का जाल

**मधुबनी ( संसू )।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में पकड़ी गई नकली सिक्के बनाने की फैक्ट्री के तार मिथिलांचल के मधुबनी जिले से जुड़ गए हैं। इस मामले में सहारनपुर पुलिस ने राजनगर थाना क्षेत्र के लड्डूगांव निवासी मिथिलेश चौरसिया को गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि मिथिलेश चौरसिया पिछले पांच वर्षों तक राजनगर प्रखंड में प्रमुख प्रतिनिधि के रूप में काम कर चुका है और स्थानीय स्तर पर मैथिली गीतों संगीत में काम करने के कारण भी जाना जाता है। उसकी गिरफ्तारी के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

**कैसे हुआ खुलासा**- सहारनपुर पुलिस ने 12 सितंबर को हरियाणा के सोनीपत के एक औद्योगिक क्षेत्र में चल रही अबैद्ध नकली सिक्के के फैक्ट्री पर छापा मारा था। वहां से गिरोह के सरगना उपकार लूथरा उर्फ अभय प्रताप सिंह समेत पांच लोगों को पकड़ा गया था। जिस मे एक राजनगर थाना क्षेत्र के लड्डूगांव गांव का संतोष चौरसिया भी शामिल था। संतोष से पूछताछ में मिथिलेश चौरसिया का नाम सामने आया। इसके बाद सहारनपुर नगर थाने के एसआई इकबाल सिंह तोमर के नेतृत्व में एक टीम राजनगर पहुंची और गुरुवार देर शाम लड्डूगांव में छापेमारी कर मिथिलेश को दबोच लिया। शुक्रवार को पुलिस उसे अपने साथ सहारनपुर ले गई। 5 रुपये में बनता था 20 का सिक्का- पुलिस की जांच में चौंकाने

वाला खुलासा हुआ है। फैक्ट्री में 20 रुपये का नकली सिक्का बनाने में सिर्फ 5 से 6 रुपये का खर्च आता था। फिर इसे एजेंटों को 12 से 15 रुपये में बेचा जाता था। बाजार में वही सिक्का 20 रुपये में खपाया जाता था। कम लागत और ज्यादा मुनाफे के लालच में ये गिरोह अब तक करीब 70 करोड़ रुपये के नकली सिक्के बाजार में खपा चुका है। पुलिस ने छापे के दौरान 6,400 तैयार सिक्के जिनकी कीमत 1.28 लाख रुपये थी और करीब 4.5 लाख रुपये के अर्धनिर्मित सिक्के उत्तर प्रदेश पुलिस ने बरामद किए थे। फैक्ट्री में 6 मशीनें लगी थीं जिनसे रोज 10 से 12 हजार सिक्के बनाए जा रहे थे। पुलिस के अनुसार गिरोह सहारनपुर में नया ठिकाना बनाने की तैयारी में था, इससे पहले ही पुलिस ने उसके नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए नकली सिक्के बनाने बाली गिरोह से जुड़े लोगों को घर दबोचा। आगे पुलिस इन कारोबार से जुड़े अन्य संलिप्तों का पता लाने मे जुटी हुई है। ताकि उन्हें भी गिरफ्तार किया जा सके।

# उर्दू के मसीहा प्रोफेसर अनीस सदरी साहब के निधन पर जिले मे शोक की लहर

**समस्तीपुर ( आससे )।** ताजपुर प्रखंड स्थित फाजिलपुर (शाहपुर बघौनी) निवासी, उर्दू अदब की अज़ीम शख्सियत प्रोफेसर मोश अनीस सदरी (पूर्व अध्यक्ष, उर्दू विभाग, ल.ना. मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा)के इंतकाल की खबर से पूरे इलाके में शोक की लहर है ।इस दुखद समाचार पर विधायक सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि प्रोफेसर अनीस सदरी के इंतकाल की खबर सुनकर मैं मर्माहत हूँ। वे सिर्फ एक शिक्षक नहीं, बल्कि उर्दू अदब के सच्चे मसीहा थे। उर्दू साहित्य को आगे बढ़ाने और मिथिला विश्वविद्यालय में उर्दू विभाग को नई ऊंचाई देने में उनका योगदान अविस्मरणीय है ।फाजिलपुर, शाहपुर बघौनी की सरजमीं ने एक अनमोल रत्न खो दिया है। उनका जाना समाज और अदबी दुनिया के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करें। प्रोफेसर साहब ने अपना पूरा जीवन उर्दू साहित्य की सेवा में समर्पित कर दिया था। वे सदैव हमारे दिल में अमर रहेंगे उनके जनाज़े मे पूर्व विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन,विधायक रण विजय साहू,राज़ीउल इस्लाम रिज्जू, प्रो आज़म हुसैन,अब्दुर रहमान उर्फ़ गुलाब बाबू, मो इमाम रिज़वी,डॉ सफ़दर इमाम,सुल्तान अहमद टीपू, आदि मौजूद थे।